मद संख्या

विषयः- वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक पर विचार ।

हरिद्वार विकास प्राधिकरण का गठन वित्तीय वर्ष 1986-87 के प्रथम त्रैमास में हुआ था परंतु कार्यालय की स्थापना अगस्त 86 में हुई । वर्ष 86-87 में शासन से प्राधिकरण को 25 लाख रुपए की आधारिक पूंजी तथा एक लाख रुपए का स्थापना अनुदान प्राप्त हुआ ।

हरिद्वार विकास क्षेत्र का लगभग 40 प्रतिशत भाग पर्वतीय है अतः इसके विकास के लिए पर्वतीय विकास विभाग से आधारिक पूंजी की मांग की गई है । वित्तीय वर्ष 87-88 में प्राधिकरण को कम से कम 25 लाख रुपए पर्वतीय विकास विभाग से आधारिक पूंजी के रूप में प्राप्त होने की आशा है ।

वर्ष 86-87 का बजट प्राधिकरण की विगत बैठक दिनांक 13-11-86 में स्वीकृत किया गया था । प्राधिकरण द्वारा तैयार कराई गई दो आवासीय योजनाओं के प्रारंभ होने में स्टाफ के अभाव, भूमि हस्तांतरण में कठिनाइयों तथा अन्य बाधाओं के कारण विलंब हुआ । इस कारण से पूंजीगत आय तथा व्यय के बजट अनुमानों से वास्तविक आंकड़ों में अधिक अंतर परिलक्षित हो रहा है परंतु इन योजनाओं का क्रियान्वयन वर्ष 87-88 में अवश्य सुनिश्चित किया जाना है। अतः प्रस्तावित आय-व्ययक में दोनों आवासीय योजनाओं में 30 लाख रुपए की आय तथा 83 लाख रु0 के व्यय का अनुमान किया गया है जिसकी प्रतिपूर्ति हडको आदि वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर की जाएगी ।

प्रस्तावित आय व्ययक का एक दृष्टि में विवरण इस प्रकार है :-

आय-व्ययक 1987-88 एक दृष्टि में

	वर्ष 86-87 का अनुमानित (लाख रु0 में)	31-12-86 तक वास्तविक (लाख रु0 में)	वर्ष 87-88 का प्रस्तावित (लाख रु0 में)
राजस्व आय	4.37	1.077	10.80
पूंजीगत आय	143.99	25.000	195.20
कुल आय	148.36	26.077	206.00
राजस्व व्यय	6.59	1.534	16.97
पूंजीगत व्यय	41.39	2.65	164.90
कुल व्यय	47.98	4.184	181.87
अंतिम अवशेष	100.38	21.893	24.13

उपर्युक्त आय व्ययक प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

मद सं0-2 वर्ष 1987-88 के आय - व्ययक पर विचार ।

वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक प्रस्ताव पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई । अध्यक्ष महोदय ने राजस्व व्यय की मदों में रु0 16.97 लाख के प्रस्ताव पर निम्नवत् कटौती के सुझाव दिए :-

	राजस्व व्यय की मदों का क्रमांक	वर्ष 87-88 के बजट में प्रस्तावित (लाख रु0 में)	कटौती की धनराशि (लाख रु0 में)	स्वीकृत धनराशि (लाख रु0 में)
1.(7)	दैनिक वेतन	2.00	1.00	1.00
2.(2)	पैट्रोल डीजल	1.20	0.50	0.70
3.(1)	आडिट व्यय	0.50	0.30	0.20
5.(2)	भवन निर्माण अग्रिम	2.00	2.00	--
		योग बचत	3.80	

अध्यक्ष महोदय का विचार था कि प्राधिकरण अभी इस स्थिति में नहीं है कि वह कर्मचारियों को भवन निर्माण अग्रिम की सुविधा दे सके । दैनिक वेतन कर्मचारियों को रखे जाने पर प्रतिबंध है इसलिए इस मद में केवल 1.00लाख रु0 ही पर्याप्त होगा । अध्यक्ष महोदय के सुझाव पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की । तद्नुसार प्राधिकरण द्वारा राजस्व व्यय की मद में रु0 16.97 लाख के बजाय उपर्युक्त मदों में रु0 3.80 लाख की कटौती करके शेष रु0 13.17 लाख पर स्वीकृति प्रदान की गयी तथा आय व्ययक की शेष मदों पर भी स्वीकृति प्रदान की गयी ।

प्राधिकरण के उपर्युक्त निर्णय से अब वर्ष 1987-88 के आय-व्ययक का एक दृष्टि में विवरण निम्नवत हो गया है :-

	वर्ष 87-88 का अनुमानित	31-12-86 तक वास्तवित	वर्ष 86-87 में वास्तविक	वर्ष 87-88का प्रस्तावित
राजस्व आय	4.37	1.0777	5.25	10.80
पूंजीगत आय	143.99	25.00	41.00	195.20
कुल आय	148.36	26.0777	46.25	206.00
राजस्व व्यय	6.59	1.534	2.01	13.17
पूंजीगत व्यय	41.39	2.65	5.38	164.90
कुल व्यय	47.98	4.184	7.39	178.07
अंतिम अवशेष	100.38	21.893	38.86	27.93

उपर्युक्त संशोधन के साथ वर्ष 1987-88 का आय-व्ययक स्वीकृत किया गया ।

सचिव
हरिद्वार विकास प्राधिकरण
हरिद्वार।

उपाध्यक्ष
हरिद्वार विकास प्राधिकरण
हरिद्वार।

अध्यक्ष
हरिद्वार विकास प्राधिकरण

Scanned by CamScanner